# RJS PAPERS 2025 LINKING WEIGHTAGE ANALYSIS

**Exam Date : 27-07-2025**

| Sr. No. | Subjects | Ques. No | Total Q. |
|---|---|---|---|
| | **I. Civil Major Law** | | |
| I. | Constitution of India | 14, 20 | **2** |
| II. | Civil Procedure Code, 1908 | 1, 7, 18, 27 | **4** |
| | **II. Criminal Major Law** | | |
| III. | Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 (IPC, 1860) | 38, 39, 42, 48<br>51, 52, 53, 54<br>60, 68 | **10** |
| IV. | Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita 2023 (CrPC, 1973) | 36, 43, 49, 59, 61,<br>62, 66, 67 | **8** |
| V. | Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 (IEA, 1872) | 8, 16, 23, 24, 30, 45,<br>46, 56, 65 | **9** |
| | **III. Family Law** | | |
| VI. | Hindu Laws | 3, 9, 19, 34 | **4** |
| VII. | Mohammaden Law | 5, 12, 26 | **3** |
| | **IV. Civil Minor Law** | | |
| VIII. | Indian Contract Act, 1872 | 31, 35 | **2** |
| IX. | Transfer of Property Act, 1882 | 13, 22, 29 | **3** |
| X. | Limitation Act, 1963 | 6, 28 | **2** |
| XI. | Specific Relief Act, 1963 | 10, 17 | **2** |
| XII. | Negotiable Instrument Act, 1881 | 50, 70 | **2** |
| XIII. | Interpretation of Statutes | 4 | **1** |
| XIV. | Partnership Act, 1932 | - | **-** |
| XV. | Sale of Goods Act, 1930 | 2, 32 | **2** |
| XVI. | Registration Act, 1908 | 11 | **1** |
| | **V. Criminal Minor Law** | | |
| XVII. | Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005 | 58 | **1** |
| XVIII. | Probation of Offenders Act, 1958 | 40 | **1** |
| XIX. | POCSO Act, 2012 | 63 | **1** |
| XX. | Sexual Harassment Of Women At Workplace Act, 2013 | 69 | **1** |
| XXI. | Indecent Representation Of Women Act, 1986 | 47 | **1** |
| XXII. | Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015 | 37, 57 | **2** |
| | **VI. Technical Law** | | |
| XXIII. | Information Technology Act, 2000 | 64 | **1** |
| | **VII. Local Law** | | |
| XXIV. | Rajasthan Rent Control Act, 2001 | 21, 33 | **2** |
| XXV. | Rajasthan Court Fees & Suits Valuation Act, 1961, | 15 | **1** |
| XXVI. | Rajasthan Land Revenue Act, 1956 | 25 | **1** |
| XXVII. | Rajasthan Excise Act, 1950 | 41, 44, 55 | **3** |
| | **VIII. Others (GK/GS / Language / Computer)** | | |
| XXIII. | English Language | 86-100 | **15** |
| XXIX. | Hindi Language | 71-85 | **15** |
| | **Total** | | **100** |



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material

Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now

Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.



## RAJASTHAN JUDICIAL SERVICE (RJS) PRELIMS 2025

**1. A decree is passed by the Civil Judge, Ajmer. Later on, on account of creation of new district namely Beawar, local jurisdiction has been changed and now, the land in question comes under the jurisdiction of Civil Judge, Beawar. Which of the following courts, have jurisdiction to execute such decree? / सिविल जज अजमेर द्वारा एक डिक्री पारित की जाती है। बाद में, ब्यावर नाम से नया जिला बन जाने के कारण, स्थानीय क्षेत्राधिकार बदल गया तथा अब, प्रश्नगत सम्पत्ति सिविल जज, ब्यावर के क्षेत्राधिकार में आती है। निम्न में से कौनसा न्यायालय, ऐसी डिक्री के निष्पादन का क्षेत्राधिकार रखता है?**

(1) Civil Judge Ajmer only / केवल सिविल जज अजमेर
(2) Civil Judge Beawar only / सिविल जज अजमेर एवं ब्यावर दोनों
(3) Both Civil Judge Ajmer and Beawar / केवल सिविल जज ब्यावर
(4) Neither Civil Judge Ajmer nor Civil Judge Beawar but the jurisdiction is to be decided by the High Court न तो सिविल जज अजमेर ना ही सिविल जज ब्यावर बल्कि क्षेत्राधिकार का निर्धारण उच्च न्यायालय द्वारा किया जाएगा।

**Ans. [3]**

**2. Which of the following statement is not correct with regard to the payment and delivery under the Sale of Goods Act, 1930? / माल विक्रय अधिनियम, 1930 के अंतर्गत, परिदान और संदाय के संदर्भ में कौनसा कथन सही नहीं है?**

(1) Unless otherwise agreed, delivery of the goods and payment of the price are concurrent conditions. / जब तक कि अन्यथा करार न हुआ हो, माल का परिदान और कीमत का संदाय समवर्ती शर्तें हैं।
(2) Delivery of goods sold may be made by doing anything which the parties agree shall be treated as delivery or which has the effect of putting the goods in the possession of the buyer or of any person authorised to hold them on his behalf. / विक्रीत माल का परिदान ऐसा कोई काम करके किया जा सकेगा जिसके बारे में पक्षकारों में करार हो कि वह परिदान माना जाएगा या जो माल पर क्रेता का या उसकी ओर से धारित करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति का कब्जा करा देने का प्रभाव रखता हो।
(3) A delivery of part of goods, in progress of the delivery of the whole, has the same effect, for the purpose of passing the property in such goods, as a delivery of the whole; but a delivery of part of the goods, with an intention of severing it from the whole, does not operate as a delivery of the remainder. / सम्पूर्ण माल का परिदान चालू रखने के दौरान में माल के भाग का परिदान ऐसे माल में की सम्पत्ति के संक्रमण के प्रयोजन के लिए वही प्रभाव रखता है जो सम्पूर्ण का परिदान किन्तु माल के भाग का ऐसा परिदान जो उसे सम्पूर्ण के पृथक करने के आशय से किया जाए शेष के परिदान के रूप में प्रवृत्त नहीं होगा।
(4) Apart from any express contract, the seller of goods is bound to deliver them without waiting the buyer to apply for delivery. / कोई अभिव्यक्त संविदा न हो, माल का विक्रेता, क्रेता द्वारा परिदान के लिए आवेदन करने का इंतजार किए बिना, उसका परिदान करने के लिए आबद्ध है।

**Ans. [4]**

**3. According to the provisions of the Hindu Minority and Guardianship Act, 1956, who is the natural guardian of an adopted son who is a minor? / हिन्दू अप्राप्तव्यता और संरक्षण अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार, एक दत्तक पुत्र जो अप्राप्तवय हो, का नैसर्गिक संरक्षक कौन होगा?**

(1) The adoptive father and after him the adoptive mother. / दत्तक पिता और उसके बाद दत्तक माता ।
(2) The adoptive mother and after him the adoptive father. / दत्तक माता और उसके बाद दत्तक पिता ।
(3) Amongst the adoptive father or mother, on whose instance, the adoption was made. / दत्तक पिता या माता में से वह जिसकी प्रेरणा पर दत्तक ग्रहण किया गया है।
(4) Natural guardianship will always remain with the natural guardians. / नैसर्गिक संरक्षकता हमेशा प्राकृतिक माता-पिता की ही रहेगी।

**Ans. [1]**

**4. Rule of Heydon's case is known as - / "Heydon's case" का नियम कहलाता है -**

(1) Mischief Rule / रिष्टि का नियम
(2) Golden Rule of Interpretation / निर्वचन का स्वर्णिम नियम
(3) Rule of Ejusdem Generis / एज्यूस्डेम जेनेरिस का नियम
(4) Rule of Reasonable Construction / युक्तियुक्त व्याख्या का नियम

**Ans. [1]**

**5. Under Mohammedan law, a marriage with a woman undergoing "iddat" is - / मुस्लिम विधि के अन्तर्गत, "इद्दत" से गुजर रही महिला से विवाह है**

(1) A valid marriage / एक वैध विवाह
(2) A void marriage / एक अवैध विवाह
(3) An irregular marriage / एक अनियमित विवाह
(4) A marriage which is ab initio void / एक विवाह जो आरम्भ से ही शून्य है

**Ans. [*]**

**6. For the purposes of the Limitation Act, 1963, a suit is instituted, in the case of a claim against a ompany which is being wound up by the court, when - / परिसीमा अधिनियम, 1963 के प्रयोजनों से, वाद की संस्थिति, उस कम्पनी के विरुद्ध दावे की दशा में जिसका न्यायालय द्वारा परिसमापन किया जा रहा हो, तब होती है जब**

(1) the claimant first sends in his claim to the official liquidator. / दावेदार के दावे का परिदान शासकीय समापक को पहली बार कारित किया जाता है।



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

(2) the claim is accepted by the official liquidator. / दावा शासकीय समापक द्वारा स्वीकार किया जाता है।
(3) the official liquidator took cognizance of the claim send to him by the claimant. / शासकीय समापक दावेदार के दावे का पहली बार संज्ञान लेता है।
(4) the official liquidator issue notice to the opposite party. / शासकीय समापक द्वारा विरोधी पक्षकार को नोटिस जारी किया जाता है।

**Ans. [1]**

**7. Under the provisions of the section 133 of the Code of Civil Procedure, 1908, which amongst the following is not entitled for exemption from personal appearance? / सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 133 के प्रावधानों के अन्तर्गत, निम्न में से कौन स्वीय उपसंजाति से छूट पाने का हकदार नहीं है?**
(1) The Vice-President of India / भारत का उप-राष्ट्रपति
(2) The Prime Minister of India / भारत का प्रधानमंत्री
(3) The Ministers of States / राज्यों के मंत्री
(4) The Deputy Speaker of the House of the People / लोकसभा का उपाध्यक्ष

**Ans. [4]**

**8. Which of the following statement is not correct with regard to "Primary Evidence"?/ "प्राथमिक साक्ष्य" के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) Where a document is executed in counterpart, each counterpart being executed by one or some of the parties only, each counterpart is primary evidence as against the parties executing it. / जहां कोई दस्तावेज प्रतिलेख में निष्पादित है और प्रत्येक प्रतिलेख पक्षकारों में से केवल एक पक्षकार या कुछ पक्षकारों द्वारा निष्पादित किया गया है, वहां प्रत्येक प्रतिलेख उन पक्षकारों के विरुद्ध, जिन्होंने उसका निष्पादन किया है, प्राथमिक साक्ष्य है।
(2) Where a number of documents are all made by one uniform process, as in the case of printing, lithography or photography, each is primary evidence of the contents of the rest; and even if they are all copies of a common original, they are the primary evidence of the contents of the original. / जहां अनेक दस्तावेज एकरूपात्मक प्रक्रिया द्वारा बनाए गए हैं जैसा कि मुद्रण, शिला मुद्रण या फोटो चित्रण में होता है, वहां उनमें से प्रत्येक शेष सबकी अन्तर्वस्तु का प्राथमिक साक्ष्य है एवं यहां तक कि यदि वे सब किसी एक ही मूल की प्रतियां हैं, वहां वे मूल की अन्तर्वस्तु का प्राथमिक साक्ष्य हैं।
(3) Where an electronic or digital record is created or stored, and such storage occurs simultaneously or sequentially in multiple files, each such file is primary evidence. / जहां कोई इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल अभिलेख सृजित या संग्रहित किया जाता है और ऐसा संग्रह एक साथ या पश्चातवर्ती रूप से अनेक फाइलों में किया जाता है, उनमें से प्रत्येक फाइल प्राथमिक साक्ष्य है।
(4) All the above are correct. / उपरोक्त सभी सही हैं।

**Ans. [2]**

**9. According to The Hindu Marriage Act, 1955, "Saptapadi" means / हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अनुसार, "सप्तपदी" से अभिप्रेत है**
(1) the taking of seven steps by the bridegroom and the bride wherein for three steps bridegroom will walk behind the bride and for four steps bride will walk behind the bridegroom. / वर एवं वधू द्वारा सात पद चलना जिनमें से तीन पद वर, वधू के पीछे चलेगा एवं चार पद वधू, वर के पीछे चलेगी।
(2) the taking of seven steps by the bridegroom and the bride wherein for three steps bride will walk behind the bridegroom and for four steps bridegroom will walk behind the bride. / वर एवं वधू द्वारा सात पद चलना जिनमें से तीन पद वधू वर के पीछे चलेगी एवं चार पद वर, वधू के पीछे चलेगा।
(3) the taking of seven steps by the bridegroom and the bride jointly before the sacred fire. / अग्नि के समक्ष वर और वधू द्वारा संयुक्ततः सात पद चलना ।
(4) the taking of seven rounds by the bridegroom and the bride jointly around the sacred fire. / वर और वधू द्वारा संयुक्ततः अग्नि के सात चक्कर लगाना ।

**Ans. [3]**

**10. In determining the amount of any compensation awarded under section 21 of the Specific Relief Act, 1963, the court shall be guided by the principles specified in / विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 21 के अधीन प्रतिकर के निर्धारण में न्यायालय विनिर्दिष्ट सिद्धान्तों से मार्गदर्शित होगा।**
(1) Section 39 of the Indian Contract Act, 1872 / भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 39
(2) Section 53 of the Indian Contract Act, 1872 / भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 53
(3) Section 54 of the Indian Contract Act, 1872 / भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 54 में
(4) Section 73 of the Indian Contract Act, 1872 / भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 73

**Ans. [4]**

**11. Under the provisions of the Registration Act, 1908, a will may be presented or deposited for registration -- / रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के प्रावधानों के अन्तर्गत, एक वसीयत को पंजीकरण हेतु प्रस्तुत या जमा किया जा सकता है**
(1) within three months of its execution / इसके निष्पादन के तीन माह के भीतर
(2) within three years of its execution / इसके निष्पादन के तीन वर्ष के भीतर
(3) within twelve years of its execution at any time / इसके निष्पादन के बारह वर्ष के भीतर
(4) at any time / किसी भी समय

**Ans. [4]**



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.


**12. Under Mohammedan Law, an acknowledgment of a debt made during death-illness in favour of an heir / मुस्लिम विधि के अन्तर्गत, मृत्यु शैय्या के दौरान उत्तराधिकारी के पक्ष में ऋण की अभिस्वीकृति**

(1) is a valid proof and the same may be satisfied from the property of the deceased. / वैध प्रमाण है और उसकी तुष्टि मृतक की सम्पत्ति से की जा सकती है।

(2) is no proof at all of the debt and no effect can be given. / किसी भी प्रकार से ऋण का प्रमाण नहीं है एवं कोई प्रभाव नहीं दिया जा सकता।

(3) is a valid proof but the same may be satisfied only if, after payment of funeral expenses and debts, sufficient property remains to satisfy the same. / वैध प्रमाण है परन्तु इसकी तुष्टि तभी की जा सकती है जबकि ऋण एवं अंतिम संस्कार के खर्चे के भुगतान के बाद, इसे तुष्ट करने हेतु पर्याप्त सम्पत्ति शेष बचती है।

(4) is a valid proof only if deceased made a written acknowledgement in the presence of 2 witness, otherwise, the same is of no value. / केवल तभी वैध प्रमाण है जबकि मृतक ने दो गवाहों के समक्ष लिखित अभिस्वीकृति की हो, अन्यथा, इसका कोई मूल्य नहीं है।

**Ans. [2]**

**13. Under the provisions of the Transfer of Property Act, 1882, unless there is something repugnant in the subject or context, "immoveable property" / सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अन्तर्गत, जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात विरुद्ध Didwag न हो. "स्थावर सम्पत्ति" में**

(1 ) includes standing timber. / खड़ा काष्ठ आता है।

(2) includes standing timber and growing crops. / खड़ा काष्ठ और उगति फसलें आती हैं।

(3) includes standing timber, growing crops and grass. / खड़ा काष्ठ, उगति फसलें और घास आती है।

(4) does not include standing timber, growing crops and grass. / खड़ा काष्ठ, उगति फसलें और घास नहीं आती है।

**Ans. [4]**

**14. Which of the following writs means, "Quashing an order passed by a lower court that was without jurisdiction or against the principles of natural justice."? / निम्न में से कौनसी रिट का तात्पर्य, "किसी निचली अदालत द्वारा पारित उस आदेश को रद्द करना जो क्षेत्राधिकार के बाहर था या प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों के विरुद्ध था।" है?**

(1) Habeas Corpus / बंदी प्रत्यक्षीकरण

(2) Mandamus / परमादेश

(3) Quo Warranto / अधिकार पृच्छा

(4) Certiorari / उत्प्रेषण

**Ans. [4]**

**15. Under what circumstances a document which is chargeable with fee under Rajasthan Court Fee and Suit Valuation Act, 1961, can be filed or exhibited in any court including the High Court, without payment of a fee of an amount not less than that indicated as chargeable under the said act? / किन परिस्थितियों में, कोई भी दस्तावेज जिस पर राजस्थान न्यायालय फीस और वाद मूल्यांकन अधिनियम, 1961 के अधीन फीस प्रभार्य है, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य फीस से अन्यून फीस को संदत्त किए बिना, उच्च न्यायालय सहित किसी भी न्यायालय में प्रस्तुत या प्रदर्शित की जा सकती है?**

(1) Whenever the filing or exhibition in a Criminal Court of a document, is in the opinion of the Court necessary to prevent a failure of justice. / जब कभी दण्ड न्यायालय की राय में, न्याय की विफलता को रोकने के लिए ऐसे दस्तावेज की प्रस्तुति या प्रदर्शित करना आवश्यक हो ।

(2) Whenever the filing or exhibition in a Civil Court of a document, is in the opinion of the Court necessary to prevent a failure of justice. / जब कभी सिविल न्यायालय की राय में, न्याय की विफलता को रोकने के लिए ऐसे दस्तावेज की प्रस्तुति या प्रदर्शित करना आवश्यक हो ।

(3) Whenever the filing or exhibition in a Revenue Court of a document, is in the opinion of the Court necessary to prevent a failure of justice. / जब कभी राजस्व न्यायालय की राय में, न्याय की विफलता को रोकने के लिए ऐसे दस्तावेज की प्रस्तुति या प्रदर्शित करना आवश्यक हो ।

(4) All the above are correct. / उपरोक्त सभी सही हैं

**Ans. [1]**

**16. In which of the following cases, notice to produce secondary evidence is required?/ निम्न में से किस मामले में, द्वितीयक साक्ष्य प्रस्तुत करने की सूचना आवश्यक है?**

(1) When the document to be proved is itself a notice. / जब साबित किया जाने वाला दस्तावेज स्वयं एक सूचना है।

(2) When, from the nature of the case, the adverse party must know that he will be required to produce it. / जब प्रतिपक्षी को मामले की प्रकृति से यह जानना ही हो कि उसे प्रस्तुत करने की उससे अपेक्षा की जाएगी।

(3) When it appears or is proved that the adverse party has obtained possession of the original by fraud or force. / जबकि यह प्रतीत होता है या साबित किया जाता है कि प्रतिपक्षी ने मूल पर कब्जा कपट या बल द्वारा अभिप्राप्त किया है।

(4) When the adverse party or his agent has denied the loss of the document. / जबकि प्रतिपक्षी या उसके अभिकर्ता ने दस्तावेज के खो जाने से इन्कार कर दिया है।

**Ans. [4]**

**17. Any person interested in a contract may sue to have it rescinded, and such rescission may be adjudged by the court, on which of the following ground? / किसी संविदा में हितबद्ध कोई भी व्यक्ति उसे विखंडित कराने के लिए निम्न में से किस आधार पर वाद ला सकेगा तथा ऐसा विखंडन न्यायालय द्वारा न्यायनिर्णीत किया जा सकेगा?**



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.


(1) where the contract is not voidable or terminable by the plaintiff. / जहां कि संविदा वादी द्वारा शून्यकरणीय या पर्यवसेय न हो।
(2) where the contract is lawful for causes apparent on its face and the plaintiff is more to blame than the defendant. / जहां कि संविदा ऐसे हेतुकों से विधि विरुद्ध हो जो उसे देखने ही से प्रकट है और वादी का दोष प्रतिवादी से अधिक हो ।
(3) where the contract is voidable or terminable by the plaintiff. / जहां कि संविदा वादी द्वारा शून्यकरणीय या पर्यवसेय हो ।
(4) None of the above. / उपरोक्त में से कोई नहीं ।

**Ans. [3]**

**18. Which of the following is the best suited answer to fill in the blank of the statement below?**
**Where the registered address of a party is discovered by the Court to be incomplete, false or fictitious, the Court may, either on its own motion, or on the application of any party, order -----**
**निम्न में से कौनसा रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त उत्तर है?**
**जहां न्यायालय को यह पता चलता है कि किसी पक्षकार का पंजीकृत पता अधूरा, मिथ्या या काल्पनिक है वहां न्यायालय या तो स्वप्रेरणा पर या किसी पक्षकार के आवेदन पर**

(1) in the case where such registered address was furnished by a defendant, his defence be struck out and he be placed in the same position as if he had not put up any defence. / ऐसे मामले में जहां ऐसा रजिस्ट्रीकृत पता प्रतिवादी द्वारा दिया गया था वहां उसकी प्रतिरक्षा काट दी जाएगी और वह उसी स्थिति में रखा जाएगा मानो उसने कोई प्रतिरक्षा पेश नहीं की हो।
(2) in the case where such registered address was furnished by a plaintiff, stay of the suit. / ऐसे मामले में जहां रजिस्ट्रीकृत पता वादी द्वारा दिया गया था वहां वाद के रोके जाने का आदेश दे सकेगा।
(3) Both (1) & (2) are correct. / (1) तथा (2) दोनों सही हैं।
(4) Both (1) & (2) are incorrect. / (1) तथा (2) दोनों गलत हैं।

**Ans. [3]**

**19. Who amongst the following is not heir in Class 1 of the Schedule of the Hindu Succession Act, 1956? / हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की अनुसूची में, निम्न में से कौन वर्ग 1 का उत्तराधिकारी नहीं है?**

(1) Son of a pre-deceased son of a pre-deceased son / पूर्वमृत पुत्र के पूर्वमृत पुत्र का पुत्र
(2) Daughter of a pre-deceased daughter of a pre-deceased son / पूर्वमृत पुत्र की पूर्वमृत पुत्री की पुत्री
(3) Father / पिता
(4) Mother / माता

**Ans. [3]**

**20. Which of the following statement is correct with regard to the provision regarding submission of resignation by a Judge of Supreme Court of India? / भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा त्यागपत्र प्रस्तुत करने के प्रावधान के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही है?**

(1) A Judge of Supreme Court, may, by writing under his hand addressed to the President, resign his office. / उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग सकेगा ।
(2) A Judge of Supreme Court, may, by writing under his hand addressed to the Chief Justice of India, resign his office. / उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश भारत के मुख्य न्यायाधीश को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग सकेगा।
(3) A Judge of Supreme Court, may, by announcing the same in the open court during court hours, resign his office. / उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश न्यायालय समय में खुले न्यायालय में उद्घोषणा द्वारा पद त्याग सकेगा
(4) A Judge of Supreme Court, may, by writing under his hand addressed to the Central Council of Ministers, resign his office. / उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश केन्द्रीय मंत्रि-परिषद को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग सकेगा।

**Ans. [1]**

**21. According to the provisions of the Rajasthan Rent Control Act, 2001, an appeal filed in the Appellate Rent Tribunal shall be decided within ------/ राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 के प्रावधानों के अनुसार, अपील किराया अधिकरण में प्रस्तुत अपील का निपटारा ----------**

(1) a period of one hundred and eighty days from the date of service of notice of appeal on the respondent. / प्रत्यर्थी पर अपील के नोटिस की तामील की दिनांक से एक सौ अस्सी दिन की कालावधि के भीतर-भीतर किया जाएगा।
(2) a period of one hundred and eighty days from the date of the order passed by Rent Tribunal./ किराया अधिकरण द्वारा पारित निर्णय की दिनांक से एक सौ अस्सी दिन की कालावधि के भीतर-भीतर किया जाएगा।
(3) a period of one year from the date of service of notice of appeal on the respondent. / प्रत्यर्थी पर अपील के नोटिस की तामील की दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के भीतर-भीतर किया जाएगा।
(4) a period of one year from the date of the order passed by Rent Tribunal. / किराया अधिकरण द्वारा पारित आदेश की दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के भीतर-भीतर कियाजाएगा।

**Ans. [1]**

**22. Under the provisions of the Transfer of Property Act, 1882, "Sale" means / सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अन्तर्गत, "विक्रय" से अभिप्रेत है**

(1) a transfer of ownership, in exchange for a price paid but it does not include the price which has been promised. / "विक्रय" ऐसी कीमत के बदले में स्वामित्व



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.


का अन्तरण है जो दी जा चुकी हो, परन्तु इसमें ऐसी कीमत शामिल नहीं है जिसे देने का वचन दिया गया है।

(2) a transfer of ownership in exchange for a price paid or promised but it does not include the price partly-paid and partly-promised. / "विक्रय" ऐसी कीमत के बदले में स्वामित्व का अन्तरण है जो दी जा चुकी हो, या जिसके देने का वचन दिया गया हो परन्तु इसमें ऐसी कीमत शामिल नहीं है जिसका कोई भाग दे दिया गया हो और किसी भाग के देने का वचन दिया गया हो।

(3) a transfer of ownership in exchange for a price paid or promised or part-paid and part-promised. / "विक्रय" ऐसी कीमत के बदले में स्वामित्व का अन्तरण है जो दी जा चुकी हो, या जिसके देने का वचन दिया गया हो या जिसका कोई भाग दे दिया गया हो और किसी भाग के देने का वचन दिया गया हो।

(4) just a receipt of a price of property, which has no relation with the transfer of ownership. / "विक्रय" केवल सम्पत्ति की कीमत की प्राप्ति है, जिसका स्वामित्व के अंतरण से कोई सम्बन्ध नहीं है।

**Ans. [3]**

**23. 'Saleem' sells 'Babloo' a horse and verbally warrants him sound. 'Saleem' gives 'Babloo ' a paper in these words: "Bought of 'Saleem' a horse of Rs. 500." Examine the correct answer. / 'बबलू' को 'सलीम एक घोड़ा बेचता है और मौखिक वारण्टी देता है कि वह अच्छा है। 'बबलू' को 'सलीम' इन शब्दों को लिखकर एक कागज पर देता है सलीम से 500 रुपये में एक घोड़ा खरीदा।" सही उत्तर का परीक्षण कीजिए।**

(1) 'Babloo' cannot prove the verbal warranty. / 'बबलू' मौखिक वारण्टी साबित नहीं कर सकता।

(2) 'Babloo' may prove the verbal warranty. / 'बबलू' मौखिक वारण्टी साबित कर सकता है।

(3) Verbal warranty is of no value since the fact of sale is written on a paper, hence, the same cannot be proved. / मौखिक वारण्टी का कोई मूल्य नहीं है क्योंकि विक्रय का तथ्य कागज पर लिखा है, अतः इसे साबित नहीं किया जा सकता ।

(4) None of the above option is correct. / उपरोक्त में से कोई विकल्प सही नहीं है।

**Ans. [2]**

**24. Words and expressions used in the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 and not defined Har therein, but defined in ----------- shall have the same meanings as assigned to them in the said Act and Sanhitas. / उन शब्दों और पदों के, जो भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं हैं किन्तु में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो उनका उक्त अधिनियम और संहिता में हैं।**

(1) the Code of Civil Procedure, 1908, the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 and the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 / सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय न्याय संहिता, 2023

(2) the Code of Civil Procedure, 1908, the Specific Relief Act, 1963, the Information Technology Act, 2000, the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 and the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 / सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908, विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय न्याय संहिता, 2023

(3) the Code of Civil Procedure, 1908, the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023, the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 and the Information Technology Act, 2000 / सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023, भारतीय न्याय संहिता, 2023 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000

(4) the Information Technology Act, 2000, the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023 and the Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023 / सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय न्याय संहिता, 2023

**Ans. [4]**

**25. Under the provisions of Rajasthan Land Revenue Act, 1956, "Nazul Land" shall mean / राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अन्तर्गत, "नजूल भूमि से अभिप्रेत है**

(1) abadi land within the limits of a municipality only, vesting in the State Government. / राज्य सरकार में निहित केवल वह आबादी भूमि जो नगरपालिका की सीमा के अन्दर हो ।

(2) abadi land within the limits of a panchayat circle only, vesting in the State Government. / राज्य सरकार में निहित केवल वह आबादी भूमि जो पंचायत सर्किल की सीमा के अन्दर हो

(3) abadi land within the limits of a municipality or a panchayat circle or a village, town or city, vesting in the State Government. / राज्य सरकार में निहित वह आबादी भूमि जो नगरपालिका या पंचायत सर्किल या गांव, कस्बा या शहर की सीमा के अन्दर हो ।

(4) any land belongs to State Government or as the case may be, to the Central Government. / राज्य सरकार या केन्द्र सरकार, जैसा भी हो, में निहित कोई भी भूमि ।

**Ans. [3]**

**26. Which of the following statement is correct with regard to general rule of inheritance under Mohammedan Law ? / मुस्लिम विधि के अन्तर्गत, उत्तराधिकार के सामान्य नियम के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?**

(1) There is no distinction under the Mohammedan Law of inheritance between movable and immovable property or between ancestral and self-acquired property. / उत्तराधिकार की मुस्लिम विधि के अन्तर्गत चल एवं अचल सम्पत्ति या पैतृक एवं स्व-अर्जित सम्पत्ति में कोई अन्तर नहीं है।



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

(2) There is no distinction under the Mohammedan Law of inheritance between movable and immovable property but there is a clear distinction between ancestral and self-acquired property. / उत्तराधिकार की मुस्लिम विधि के अन्तर्गत चल एवं अचल सम्पत्ति में कोई अन्तर नहीं है परन्तु पैतृक एवं स्व-अर्जित सम्पत्ति में स्पष्टतः अन्तर है।

(3) There is no distinction under the Mohammedan Law of inheritance between ancestral and self-acquired property but there is a clear distinction between movable and immovable property. / उत्तराधिकार की मुस्लिम विधि के अन्तर्गत पैतृक एवं स्व-अर्जित सम्पत्ति में कोई अन्तर नहीं है परन्तु चल एवं अचल सम्पत्ति में स्पष्टतः अन्तर है ।

(4) There is a clear distinction under the Mohammedan Law of inheritance between movable and immovable property or between ancestral and self-acquired property. / उत्तराधिकार की मुस्लिम विधि के अन्तर्गत चल एवं अचल सम्पत्ति या पैतृक एवं स्व-अर्जित सम्पत्ति में स्पष्टतः अन्तर है।

**Ans. [1]**

**27. With regard to the provisions of second appeal under the Code of Civil Procedure, 1908, which of the following statement is not correct? / सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत द्वितीय अपील के प्रावधानों के सन्दर्भ में, निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**

(1) Second appeal shall lie to the High Court from every decree passed in appeal by any Court subordinate to the High Court, if the High Court is satisfied that the case involves a substantial question of law. / उच्च न्यायालय के अधीनस्थ किसी न्यायालय द्वारा अपील में पारित प्रत्येक डिक्री की उच्च न्यायालय में द्वितीय अपील हो सकेगी, यदि उच्च न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि उस मामले में विधि का कोई सारवन् प्रश्न अन्तर्वलित है।

(2) Second appeal under section 100 of the Code of Civil Procedure, 1908 cannot be filed against an appellate decree passed ex parte. / एकपक्षीय पारित अपीली डिक्री की द्वितीय अपील सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 100 के अधीन नहीं हो सकेगी।

(3) In an appeal under section 100 of the Code of Civil Procedure, 1908, the memorandum of appeal shall precisely state the substantial question of law involved in the appeal. / सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 100 के अधीन अपील में अन्तर्वलित विधि के उस सारवान् प्रश्न का अपील के ज्ञापन में प्रमितत: कथन किया जाएगा।

(4) Where the High Court is satisfied that a substantial question of law is involved in any case, it shall formulate that question./ जहां उच्च न्यायालय का यह समाधान हो जाता है कि किसी मामले में सारवान् विधि का प्रश्न अन्तर्वलित है, तो वह उस प्रश्न को बनाएगा ।

**Ans. [2]**

**28. Under the provisions of the Limitation Act, 1963, which of the following statement is correct with regard to "Acknowledgment"? / परिसीमा अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के अन्तर्गत, "अभिस्वीकृति" के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?**

(1) An application for the execution of a decree or order shall be deemed to be an application in respect of any property or right. / वह आवेदन, जो डिक्री या आदेश के निष्पादन के लिए हो किसी सम्पत्ति या अधिकार की बाबत आवेदन समझा जाएगा।

(2) An acknowledgment may be sufficient though it omits to specify the exact nature of the property or right. / अभिस्वीकृति पर्याप्त हो सकेगी यद्यपि वह उस सम्पत्ति या अधिकार की यथावत् प्रकृति का विनिर्देश न करती हो।

(3) For the purposes of an acknowledgment, the word "signed" means signed personally and does not include signed by any agent duly authorized in this behalf. / अभिस्वीकृति के प्रयोजनों के लिए "हस्ताक्षरित' शब्द से स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित अभिप्रेत है एवं इस निमित्त सम्यक् प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित को इसमें शामिल नहीं करता है।

(4) None of the above is correct. / उपरोक्त में से कोई भी सही नहीं है।

**Ans. [2]**

**29. Under the provisions of the Transfer of Property Act, 1882, which of the following lease can be made by oral agreement? / सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के प्रावधानों के अन्तर्गत, निम्न में से कौनसा पट्टा मौखिक करार द्वारा किया जा सकता है?**

(1) A lease of immoveable property for any term exceeding one year. / स्थावर सम्पत्ति का एक वर्ष से अधिक अवधि का पट्टा ।

(2) A lease of immoveable property from year to year. / स्थावर सम्पत्ति का वर्षानुवर्षी पट्टा ।

(3) A lease of immoveable property for any term not exceeding one year, accompanied by delivery of possession. / कब्जे के परिदान सहित, स्थावर सम्पत्ति का एक वर्ष से अनधिक अवधि का पट्टा ।

(4) None of the above, because the lease of immoveable property cannot be made by oral agreement. / उपरोक्त में से कोई नहीं, क्योंकि स्थावर सम्पत्ति का पट्टा मौखिक करार से नहीं किया जा सकता है ।

**Ans. [3]**

**30. Leading questions - / सूचक प्रश्न -**

(1) must not, if objected to by the adverse party, be asked in an examination-in-chief, or in a re-examination, except with the permission of the Court. / मुख्य परीक्षा में या पुनः परीक्षा में, यदि विरोधी पक्षकार द्वारा आक्षेप किया जाता है, न्यायालय की अनुज्ञा के बिना नहीं पूछे जाने चाहिए।

(2) must not, be asked in an examination-in-chief, or in a re-examination, except with the permission of the Court. / मुख्य परीक्षा में या पुनः परीक्षा में, न्यायालय की अनुज्ञा के बिना नहीं पूछे जाने चाहिए।



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

(3) must not, if objected to by the adverse party, be asked in an examination-in-chief, except with the permission of the Court but the same may be asked in the cross- examination or re-examination. / मुख्य परीक्षा में, यदि विरोधी पक्षकार द्वारा आक्षेप किया जाता है, न्यायालय की अनुज्ञा के बिना नहीं पूछे जाने चाहिए परन्तु प्रतिपरीक्षा या पुनः परीक्षा में पूछे जा सकते हैं।

(4) must not, if objected to by the adverse party, be asked in an examination-in-chief, or in cross-examination or in a re-examination, except with the permission of the Court. / मुख्य परीक्षा में या प्रतिपरीक्षा में या पुनः परीक्षा में, यदि विरोधी पक्षकार द्वारा आक्षेप किया जाता है, न्यायालय की अनुज्ञा के बिना नहीं पूछे जाने चाहिए।

**Ans. [1]**

**31. Ramesh is an agent for the sale of goods, having authority to sell on credit. Ramesh sells to Hakam Singh on credit, without making proper and usual enquiries with regard to his solvency. Later on, it reveals that Hakam Singh was solvent at the time of such sale. Ramesh ------ / माल विक्रय के लिए एक अभिकर्ता रमेश, जिसे उधार बेचने का प्राधिकार है हाकम सिंह की शोधनक्षमता के बारे में उचित और प्रायिक जांच किए बिना हाकम सिंह को उधार माल बेचता है। बाद में, यह पता चलता है कि इस विक्रय के समय हाकम सिंह दिवालिया है। रमेश -------------**

(1) must make compensation to his principal in respect of any loss thereby sustained. / उससे हुई हानि के लिए अपने मालिक को प्रतिकर देगा ।

(2) cannot be held liable for compensation to his principal in respect of any loss thereby sustained because he did it in routine. / उससे हुई हानि के लिए अपने मालिक को प्रतिकर देने का उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता चूंकि उसने ऐसा सामान्य रूप से किया था।

(3) was acting for his principal, therefore, the acts done by him will be treated as if the same were done by his principal and he cannot be held liable in respect of any loss thereby sustained. / अपने मालिक के लिए कार्य कर रहा था इसलिए उसके द्वारा किया गया कार्य ऐसा समझा जाएगा मानो ऐसा उसके मालिक ने ही किया हो और इसलिए इससे हुई किसी भी क्षति के लिए दायी नहीं है ।

(4) and his principal will have to share the losses equally. / तथा उसके मालिक को क्षति को बराबर-बराबर बांटना चाहिए।

**Ans. [*]**

**32. As per the provisions of the Sale of Goods Act, 1930, a contract of sale may be made in writing --- / माल विक्रय अधिनियम, 1930 के प्रावधानों के अनुसार, विक्रय की संविदा लिखित -**

(1) but cannot be by word of mouth. / की जा सकती है परन्तु वाचिक नहीं की जा सकती है।

(2) or by word of mouth but cannot be partly in writing and partly by word of mouth. / में या वाचिक की जा सकती है परन्तु भागतः लिखित एवं भागतः वाचिक नहीं की जा सकती है।

(3) or by word of mouth, or partly in writing and partly by word of mouth but cannot be implied from the conduct of the parties. / में या वाचिक या भागतः लिखित एवं भागतः वाचिक की जा सकती है परन्तु पक्षकारों के आचरण से विवक्षित नहीं हो सकती है।

(4) or by word of mouth, or partly in writing and partly by word of mouth or may also be implied from the conduct of the parties. / या वाचिक या भागतः लिखित एवं भागतः वाचिक की जा सकती है अथवा पक्षकारों के आचरण से भी विवक्षित हो सकती है।

**Ans. [4]**

**33. The certificate for recovery of possession issued under section 8 of the Rajasthan Rent Control Act, 2001 shall lapse if petition for execution thereof has not been filed before the Tribunal within ----------- from the date such certificate becomes executable. / राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम, 2001 की धारा 8 के अन्तर्गत जारी कब्जे की पुनः प्राप्ति का प्रमाणपत्र व्यपगत हो जाएगा, यदि अधिकरण के समक्ष उसके निष्पादन का प्रार्थना पत्र ऐसे प्रमाणपत्र के निष्पादनीय होने की तारीख से ---------- के भीतर-भीतर दाखिल नहीं किया गया हो।**

(1) three months / तीन माह

(2) six months / छः माह

(3) one month / एक माह

(4) one year / एक साल

**Ans. [2]**

**34. According to the provisions of the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956, where the parentage of the child is not known, by whom and to whom, a child can be given in adoption? हिन्दू दत्तक तथा भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार, जहां अपत्य की जनकता ज्ञात न हो, किसके द्वारा तथा किसे, अपत्य को दत्तक में दिया जा सकता है?**

(1) The guardian of the child may give the child in adoption with the previous permission of the court to any person but not to the guardian himself. / अपत्य का संरक्षक न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा से उस अपत्य को किसी भी व्यक्ति को दत्तक दे सकता है परन्तु स्वयं संरक्षक को नहीं।

(2) The guardian of the child may give the child in adoption with the previous permission of the court to himself only. / अपत्य का संरक्षक न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा से केवल स्वंय को अपत्य को दत्तक दे सकता है अन्य को नहीं।

(3) The person who is taken care of the child i.e. giving shelter, food, cloths & other essentials etc., irrespective of the fact whether such person is a guardian in the eyes of law or not, with the previous permission of the court, may give the child in adoption to any person including himself. / ऐसा व्यक्ति जो अपत्य की देखरेख



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.


करता है यानि आश्रय, भोजन, कपड़े एवं अन्य आवश्यक चीजें आदि देता है, चाहे वह विधि की दृष्टि में अपत्य का संरक्षक हो या न हो, न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा से उस अपत्य को किसी भी व्यक्ति को जिसके अन्तर्गत वह स्वयं भी आता है, दत्तक दे सकता है।

(4) The guardian of the child may give the child in adoption with the previous permission of the court to any person including the guardian himself. / अपत्य का संरक्षक न्यायालय की पूर्व अनुज्ञा से उस अपत्य को किसी भी व्यक्ति को जिसके अन्तर्गत वह संरक्षक भी आता है, दत्तक दे सकता है।

**Ans. [4]**

**35. Which of the following is best suited to fill in the blank? Consent is said to be free when it is not caused by ----- / निम्न में से कौनसा रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त उत्तर है? सम्मति स्वतन्त्र तब कही जाएगी जब वह--- -------- द्वारा कारित न हो।**

(1) Coercion or Undue Influence / प्रपीड़न या असम्यक् असर
(2) Fraud or Misrepresentation / कपट या दुर्व्यपदेशन
(3) Misappropriation or Cheating / दुर्विनियोग या छल
(4) All the above are correct / उपरोक्त सभी सही हैं

**Ans. [*]**

**36. Every investigation in relation to an offence under sections 376, 376A, 376AB, 376B, 376C, 376D, 376DA, 376DB or 376E of the Indian Penal Code, 1860, shall be completed within from the date on which the information was recorded by the officer in charge of the police station. / भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 376, 376-क, 376-कख, 376-ख, 376-ग, 376-घ, 376-घक, 376-घख या 376-ङ के तहत अपराध के सम्बन्ध में प्रत्येक अन्वेषण पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी द्वारा पुलिस स्टेशन में सूचना अभिलिखित करने के दिनांक से ------------- के भीतर पूर्ण की जाएगी।**

(1) one month / एक माह
(2) three months / तीन माह
(3) two months / दो माह
(4) 45 days / 45 दिन

**Ans. [3]**

**37. Under the provisions of the Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, "juvenile" means - किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अन्तर्गत, "किशोर" से अभिप्रेत है**

(1) child below the age of sixteen years / सोलह वर्ष से कम आयु का बालक
(2) a male child below the age of eighteen years or a female child below the age of sixteen years / अठारह वर्ष से कम आयु का बालक या सोलह वर्ष से कम आयु की बालिका
(3) a male child below the age of twenty-one years or a female child below the age of eighteen years / इक्कीस वर्ष से कम आयु का बालक या अठारह वर्ष से कम आयु की बालिका
(4) a child below the age of eighteen years / अठारह वर्ष से कम आयु का बालक

**Ans. [4]**

**38. Under the provisions of the Indian Penal Code, 1860, in cases where the sentence (whether of death or not) is for an offence against any law relating to a matter to which the executive power of the State extends, for the purposes of commutation of sentence of death or imprisonment for life, the "Appropriate Government" means / भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के प्रावधानों के अनुसार, उन मामलों में, जहां कि दण्डादेश (चाहे मृत्यु का हो या नहीं) ऐसे विषय से, जिस पर राज्य की कार्यपालना शक्ति का विस्तार हो, सम्बन्धित किसी विधि के विरुद्ध अपराध के लिए, मृत्यु दण्ड या आजीवान कारावास के दण्डादेश के लघुकरण हेतु, "समुचित सरकार" से अभिप्रेत है**

(1) the Government of the State within which the offender is sentenced. / उस राज्य की सरकार, जिसके अन्दर अपराधी दण्डादिष्ट हुआ है।
(2) the Government of the State within which the offence is committed. / उस राज्य की सरकार, जिसके अन्दर अपराध कारित हुआ है।
(3) the Government of the State within which the offence is committed or the offender is sentenced. / उस राज्य की सरकार, जिसके अन्दर अपराध कारित हुआ है या अपराधी दण्डादिष्ट हुआ है।
(4) the Government of the State within which the offence is committed or the offender is sentenced or the offender is undergoing the sentence. / उस राज्य की सरकार, जिसके अन्दर अपराध कारित हुआ है या अपराधी दण्डादिष्ट हुआ है या अपराधी सजा भुगत रहा है।

**Ans. [1]**

**39. For constituting the offence of "House Trespass" as defined under section 442 of the Indian Penal Code, 1860, which of the following is sufficient to establish the element of "entering"? / जैसा कि भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 442 में परिभाषित किया गया है, "गृह अतिचार" के अपराध के गठन के लिए, निम्न में से कौनसा "प्रवेश" के तत्व के लिए पर्याप्त है?**

(1) Putting 1st step of the criminal trespasser inside the property / आपराधिक अतिचार के लिए पहला कदम रखना
(2) The introduction of any part of the criminal trespasser's body inside the property / सम्पत्ति के अन्दर आपराधिक अतिचार करने वाले व्यक्ति के शरीर के किसी भाग का प्रवेश
(3) Complete entry of trespasser inside the property / अतिचारी का सम्पत्ति के अन्दर पूर्ण प्रवेश
(4) Forcible entry of trespasser inside the property / अतिचारी का सम्पत्ति में बलपूर्वक प्रवेश

**Ans. [2]**



Scan this QR Code to install the Linking App and get Full PDF of study material
Linking Laws
Linking Laws Tansukh Sir
www.LinkingLaws.com
Get Subscription Now
Linking Laws is an institution for RJS, DJS, MPCJ, UP PCS J, HCS (JB), GJS, & Other State Judiciary and Law Exams.

**40. According to the section 13 of the Probation of Offenders Act, 1958, Which of the following statement is not correct, with regard to the Probation Officer? / अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 13 के अनुसार परिवीक्षा अधिकारी के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**

(1) A Probation Officer under the Probation of Offenders Act, 1958 shall be a person appointed to be a Probation Officer by the State Government or recognised as such by the State Government. / परिवीक्षा अधिकारी ऐसा व्यक्ति होगा जो राज्य सरकार द्वारा परिवीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है या राज्य सरकार द्वारा उस रूप में मान्यता प्राप्त है।

(2) A Probation Officer under the Probation of Offenders Act, 1958 shall be a person provided for this purpose by a society recognised in this behalf by the State Government. / अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के अन्तर्गत परिवीक्षा अधिकारी, वह व्यक्ति होगा जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त मान्यता प्राप्त सोसायटी द्वारा इस प्रयोजन के लिए उपलब्ध किया गया है।

(3) A Probation Officer under the Probation of Offenders Act, 1958 shall be in any exceptional case, any other person who, in the opinion of the court, is fit to act as a probation officer in the special circumstances of the case. / किसी असाधारण मामले में कोई भी अन्य व्यक्ति जो न्यायालय की राय में उस मामले की विशेष परिस्थितियों में परिवीक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करने के योग्य हो ।

(4) A Probation Officer under the Probation of Offenders Act, 1958 shall be a person appointed to be a probation officer by the Central Government or recognised as such by the Central Government. / परिवीक्षा अधिकारी ऐसा व्यक्ति होगा जो केन्द्रीय सरकार द्वारा परिवीक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है या केन्द्रीय सरकार द्वारा उस रूप में मान्यता प्राप्त है।

**Ans. [4]**

**41. Under the provisions of the Rajasthan Excise Act, 1950, "Export" means / राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अंतर्गत, "निर्यात" से अभिप्रेत है**

